हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
**रोहतक,** सोमवार, 10 फरवरी 2025

11 'नी मैं नचना गुरां दे नाल' भजन पर थिरके श्रद्धालु



12 वरच्युस महिला कबड्डी लीग में भिवानी की टीम बनी विजेता



## खबर संक्षेप

### कंबोज समाज की बैठक आज रतिया में

**रतिया।** कंबोज समाज की बैठक 10 फरवरी , सोमवार को बुढलाडा रोड स्थित शहीद उधम सिंह कंबोज धर्मशाला में प्रातः साढ़े 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए कंबोज समाज के प्रवक्ता ने बताया कि इस बैठक में समाज के द्वारा कंबोज सभा के ब्लॉक प्रधान का चुनाव किया जाएगा, तथा शहीद उधम सिंह कंबोज धर्मशाला प्रधान व कमेटी के नए सदस्यों का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अहम बैठक 10 फरवरी को रतिया स्थित शहीद उधम सिंह कंबोज धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेने का आह्वान किया।

### सिकंदपुर में फार्म से धान की बोरियां चोरी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव सिकंदरपुर स्थित एग्रीकल्चर फार्म से धान की बोरियां चोरी करने के आरोप में पुलिस नेकेस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रमेश कुमार ने बताया कि उसने फार्म में ही धान की बोरियों का स्टॉक किया हुआ है। अलसुबह वह बाथरूम के लिए उठा तो देखा तो एक व्यक्ति धान की बोरी चोरी कर ले जा रहा है। उसने जैसे ही आवाज लगाई तो वह बोरी छोड़कर भाग गया। इसके बाद उसने साथी सेवादारों को उठाकर चैक किया तो 4 बोरी धान की कम मिली। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### सादेवाला में सोलर पंप का स्टार्टर चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव सादेवाला में चोर एक किसान के खेतों में लगे सोलर पंप का स्टार्टर चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव सादेवाला निवासी सोहनलाल ने बताया कि उसने खेतों में सोलर पंप सिस्टम लगाया हुआ है। उसने बताया कि बीती 5 फरवरी की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में घुसकर सोलर पंप का स्टार्टर चोरी कर लिया। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के किसानों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### युवक 6.34 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली पुलिस ने वार्ड नंबी 21 से एक युवक को 6.34 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई दलबीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान वार्ड नंबर 21 में गलियों से होते हुए जा रहे थे। इसी दौरान सामने से एक युवक आ रहा था। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस मुड़कर जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबूकर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6.34 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गग्गी सिंह पुत्र नेक सिंह निवासी नर सिंह कॉलोनी के रूप में हुई है।

### गेहूं चोरी के मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कालांवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गेहूं चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके चोरीशुदा गेहूं बरामद की है। आरोपी की पहचान मनप्रीत उर्फ मणी पुत्र परमजीत निवासी गांव असीर के रूप में हुई है। सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र सिंह ने बताया कि 8.02.2025 को भाग सिंह निवासी जगमालवाली की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी ढाणी से गेहूं चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपी मनप्रीत उर्फ मणी को काबू करके उससे चोरीशुदा गेहूं बरामद किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा और गहनता से पूछताछ की जाएगी।

## जिले में 7.78 लाख लोग ले रहे हैं सस्ती दरों पर राशन

# फतेहाबाद की कुल आबादी का 70 फीसदी गरीबी रेखा से नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या यानि बीपीएल परिवारों की संख्या 70 फीसदी है। जिले के सभी 70 फीसदी बीपीएल परिवारों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रति माह राशन वितरित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले की अनुमानित जनसंख्या 10 लाख 70 हजार है, जिनमें 7 लाख 78 हजार 281 लोगों को सस्ते राशन का लाभ मिल रहा है। इनमें बीपीएल के अलावा एएवाई के कार्ड धारक भी शामिल हैं। बता दें कि पिछले दिनों प्रदेशभर में बीपीएल परिवारों की संख्या को लेकर विधानसभा में भी बखेड़ा खड़ा हो चुका है। उसके बाद कई लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए जबकि फतेहाबाद में अभी भी 70 प्रतिशत लोग सस्ता राशन ले रहे हैं।

खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विनीत जैन इसकी पुष्टि करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद की अनुमानिक जनसंख्या 10 लाख 70 हजार है। इनमें 5 लाख 64 हजार पुरूष व 5 लाख 9 हजार महिलाएं शामिल हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में बीपीएल परिवारों की संख्या 1 लाख 94 हजार 743 है।



इसके अलावा 16 हजार 644 एएवाई परिवार शामिल हैं। इनकी कुल संख्या 2 लाख 11 हजार 387 बनती है। इन परिवारों के 7 लाख 78 हजार 281 सदस्य है। इन सभी सदस्यों को जिले के 336 राशन डिपू होल्डरों के माध्यम से प्रति माह राशन दिया जाता है। इन सभी डिपूओं पर 366 पीओएस मशीनें हैं। डिपू धारक प्रतिमाह इनमें से 94 प्रतिशत लोगों को राशन वितरित करते हैं। बीपीएल परिवारों को इस समय 2 किलो ग्राम प्रति यूनिट गेहूं, 3 किलो ग्राम प्रति कार्ड बाजरा निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके अलावा 2 लीटर सरसों का तेल 20 रुपये लीटर के हिसाब से व एक किलो चीनी प्रति कार्ड 13.50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से दी जा रही है। ऐसे ही एएवाई परिवारों को प्रति कार्ड 11 किलोग्राम गेहूं व 24 किलो बाजरा निःशुल्क दिया जा रहा है। 2 लीटर सरसों का तेल 20 रुपये लीटर के हिसाब से व एक किलो चीनी प्रति कार्ड 13.50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से दी जा रही है। बड़ी बात यह है कि एपीएल परिवारों को सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का राशन नहीं दिया जा रहा।

**जिले की स्थिति**

| कैटेगिरी | फतेहाबाद-भूना-भट्टू | रतिया | टोहाना-जाखल | कुल |
|---|---|---|---|---|
| बीपीएल | 1,08,205 | 36388 | 50150 | 1,94,743 |
| एएवाई | 9235 | 3908 | 3521 | 16,644 |
| यूनिट | 426192 | 40296 | 53671 | 7,78,281 |
| डिपो | 168 | 70 | 98 | 336 |

(यह संख्या खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पोर्टल अनुसार है)

### सस्ते दरों पर राशन दिया जा रहा

फतेहाबाद जिले में जनवरी माह में 16 हजार 363 क्विंटल गेहूं, 11 हजार 32 क्विंटल बाजरा, 10 हजार 518 हजार क्विंटल बाजरा स्टेट शेयर, 1852 क्विंटन चीनी व 4 लाख 32 हजार 200 लीटर सरसों के तेल की एलोकेशन प्राप्त हुई है। फतेहाबाद में 70 फीसदी आबादी को सस्ते दरों पर राशन दिया जा रहा है। करीब पौने 8 लाख लोगों को गेहूं, बाजरा, सरसों का तेल व चीनी प्रति माह दी जाती है।

-**विनीत जैन,** डीएफएससी फतेहाबाद



# विकास बिल्ड मार्ट के पास नहीं है कम्पलिशन सर्टिफिकेट

## 106 करोड़ रुपये की ईडीसी भी बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद के हिसार रोड पर विकसित हो रही विकास बिल्ड मार्ट रिहायशी कालोनी के मामले में कई अनसुलझे पेंच सामने आ रहे हैं। इस कालोनी के पास अभी तक कम्पलिशन सर्टिफिकेट तक नहीं है। कम्पनी ने जिला नगर योजनाकार विभाग को ईडीसी की एवज में 106 करोड़ से अधिक का भुगतान नहीं किया है। कम्पनी द्वारा प्लाट धारकों से ईडीसी की वसूली करने को लेकर भी प्लाट धारकों में गहरा रोष है।

बता दें कि हिसार रोड पर स्थित विकास बिल्ड मार्ट पहले सोमा न्यू टाऊन प्रा. लि. के पास थी। सोमा न्यू टाऊन ने विभाग को 30 करोड़ की बैंक गारंटी दे रखी हैं। बाद में सोमा न्यू टाऊन ने यह कालोनी विकास बिल्ड मार्ट को बेच दी लेकिन विकास बिल्ड मार्ट ने बैंक गारंटी जमा नहीं करवाई। जिस कारण यह मामला पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा तो हाईकोर्ट ने प्लाटों की खरीद बेच पर रोक लगा दी और आर्बिटेटर की नियुक्ति कर दी।




फतेहाबाद में हिसार रोड पर नए बस स्टैंड के सामने सोमा न्यू टाउन प्राईवेंट लि. ने विकास बिल्ड मार्ट के नाम से 55 एकड़ में रिहायशी कॉलोनी काटी थी। पिछले दिनों हाईकोर्ट द्वारा प्लाटों की खरीद-बेच पर रोक लगाने के बावजूद धड़ल्ले से रजिस्ट्रियां की गई व कम्पनी ने अपनी मनमानी के चलते प्लाट भी ट्रांसफर किए। पता चला है कि कम्पनी प्लाट धारकों को उलझा कर उनसे ईडीसी वसूल तो रही है लेकिन इसे जिला नगर योजनाकार विभाग को जमा नहीं करवाया जा रहा।

### कार ने सडक़ किनारे बैठी महिला को मारी टक्कर, महिला की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के शहर भूना में साधन के इंतजार में सडक़ किनारे बैठी महिला को एक तेजगति कार ने टक्कर दे मारी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 5, भूना निवासी सुखविन्द्र ने कहा है कि वह मार्किटिंग का काम करता है। उसका बताया कि उसकी भाभी 40 वर्षीय मुनेश रानी चारा लेने के लिए फतेहाबाद रोड की तरफ खेतों में गई थी। जब उसकी भाभी चारा लेकर साधन के इंतजार में फतेहाबाद रोड पर सत्संग भवन के पास बैंच पर बैठी थी तो उसी समय फतेहााबद से भूना की तरफ आ रही एक कार के चालक ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए उसकी भाभी में सीधी टक्कर दे मारी। हादसे के बाद कार भी खेतों में पलट गई। लोगों ने महिला को भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जब वह अग्रोहा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खेत से लौट रही महिला से बाइक सवार युवक तबीजी लेकर हुए फरार

**फतेहाबाद।** गांव काजलहेड़ी में खेत से चारा लेकर घर जा रही महिला से बाईक सवार युवक सोने की तबीजी छीनकर फरार हो गए। इस बारे पीड़ित महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव काजलहेड़ी निवासी महिला सम्पति ने कहा है कि गत दिवस दोपहर को वह खेत से हरा चारा लेने के लिए गई थी। जब वह हरा चारा काटकर खेत से वापस घर की तरफ आ रही थी तो खाराखेड़ी रोड पर जगन्नाथ की ढाणी के पास दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए। इन युवकों ने उसे रोक लिया और एक युवक बाईक से उतरकर उससे रास्ता पूछने लगी। इसी दौरान उसने उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसके गले में पहनी हुई सोने की तबीजी झपटकर मोटरसाइकिल पर गांव कुम्हारिया की तरफ फरार हो गया। उसने युवकों का पीछा भी किया लेकिन युवक भागने में कामयाब रहे। बाद में उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर युवक ने हजारों की नकदी चुराई

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बीघड़ रोड स्थित एक मेडिकल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात युवक गल्ले में रखी हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बीघड़ रोड, निवासी रितिक तनेजा ने कहा है कि उसकी बीघड़ रोड पर जय फार्मेसी नाम से दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान को लॉक करके किसी काम से घर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस दुकान पर आया तो उसने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर सामान को चैक किया तो पाया कि अज्ञात चोर दुकान के गल्ले में रखी 16 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गया है। जब उसने वहां लगे कैमरे की फुटेज की जांच की तो उसमें एक युवक गल्ले से नकदी निकालते दिख रहा है।

इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### टोहाना पुलिस ने डोडा पोस्त सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना सदर टोहाना के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी की टीम चौकी इंचार्ज एएसआई दलबीर सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब गांव धारसूल खुर्द से गांव घासवां की तरफ जा रही थी और रजवाला के पास गांव घासवा की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुड़कर खेतों की तरफ तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जोगिन्द्र उर्फ गिन्दर पुत्र काला सिंह निवासी घासवां बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 850 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना सदर टोहाना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



**सिरसा।** खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी में जुटी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# राजकीय महिला कॉलेज में खेलकूद स्पर्धा कल से

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय में 11 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली 5वीं खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया महाविद्यालय की पांचवीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पीडब्ल्यूडी बीएंडआर सिरसा के कार्यकारी अभियंता कमलदीप राणा करेंगे जबकि समापन पर राजकीय महाविद्यालय डिंग की प्राचार्या डॉ. मधु कुमारी, मुख्यातिथि होंगी। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में 100, 200, व 400 मीटर दौड़, लोंग जंप, हाईजंप, थ्री लेग रेस व लेमन रेस आदि के मुकाबले करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह खेल कूद प्रतियोगिता छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास, टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों को बढ़ावा देने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि खेलों का विद्यार्थियों के जीवन में बहुत बड़ा महत्व है, इसलिए सभी छात्राओं को इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।

## हरियाणा किसान मंच ने बैठक में बनाई रणनीति

**सिरसा।** किसानों की समस्याओं को लेकर हरियाणा किसान मंच की एक मीटिंग गांव झिड़ी स्थित गुरुद्वारे में आयोजित की गई। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झिड़ी ने बताया कि सरकार की ओर से एक बार फिर सिरसा जिले के किसानों के साथ भेदभाव कर सिंचाई पानी में कटौती की गई है, जिसका नुकसान किसानों को कम उत्पादन के रूप में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से किसानों को केसीसी पर किसानों को सब्सिडी मिलती है, जोकि पिछले साल मार्च में मिलनी थी, लेकिन अभी तक किसानों को नहीं मिली है, जिसको लेकर जिला उपायुक्त से मिलकर बातचीत की जाएगी। बाबा गुरदीप सिंह ने बताया कि इसके अलावा कालांवाली तहसील के 66 गांवों जिनका नुकसान 34 से 51 प्रतिशत था, को 2020 की मुआवजा सूची से ही बाहर कर दिया। सिर्फ और सिर्फ 51 से 75 प्रतिशत वालों को कुछ ही राशि दी गई, जोकि किसानों के साथ सरासर अन्याय है। इस मामले को लेकर एसडीएम कालांवाली से मुलाकात की जाएगी। अगर समस्या का समाधान नहीं निकला तो किसानों के हकों के लिए धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस मौके पर नैब सिंह नंबरदार मलड़ी, सिकंदर सिंह भीवां, गुरजंट सिंह भीवां, मंदर भीवां, मग्गर सिंह कुरंगावाली, बलविंद्र सिंह कुरंगावाली, जसवीर साहू भंगू, रूप सिंह नागोकी, त्रिलोचन सिंह नागोकी सुखविंद्र सिंह सुबाखेड़ा, बलविंद्र सुबाखेड़ा उपस्थित थे। इस मौके पर गुरुद्वारे में लगाए गए रक्तदान शिविर में सुखजिंद्र सिंह सुबाखेड़ा, हरजिंद्र सिंह सूबाखेड़ा, बलविंद्र, जसवीर साहू भंगू, सिकंदर सिंह भीवां, रवि सिंह बप्पां ने रक्तदान भी किया।




**सिरसा।** बैठक में किसानों की समस्या पर चर्चा करते हुए हरियाणा किसान मंच के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### शराब तस्करों की धरपकड़, जिला पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शराब तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पहले मामले में थाना सदर रतिया पुलिस की टीम एचसी दिनेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि रिंकू पुत्र काला सिंह निवासी चंदो खुर्द अपने प्लाट में बने कमरे में नाजायज शराब निकाल रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी की तो एक युवक को नाजायज शराब निकालते काबू किया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम रिन्कू बताया। पुलिस ने मौके से 150 लीटर लाहन बरामद कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। दूसरे मामले में सदर टोहाना पुलिस की टीम ने एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान पाला राम पुत्र अमर सिंह निवासी समैण नामक युवक को काबू किया। पुलिस ने उसके पास से 19 बोतल ठेका शराब देसी बरामद की है।




**फतेहाबाद।** दिल्ली में जीत पर खुशी मनाते भूना मंडल के कार्यकर्ता।

# भूना में दिल्ली महाविजय पर जलेबी बांट मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूजःफतेहाबाद

भारतीय जनता पार्टी भूना मंडल के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भारतीय जनता पार्टी की विशाल विजय होने पर जलेबी बांटकर खुशी मनाई। भूना मंडल अध्यक्ष मनदीप योगी बताया कि 27 साल के लंबे अरसे के बाद दिल्ली में सुशासन कायम हुआ है। अब दिल्ली के विकास की रफ्तार कई गुना तेज होगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के झूठे वादों पर दिल्ली की जनता ने करारी चपत मारी है। केजरीवाल ने चुनाव के दौरान हरियाणा प्रदेश को भी यमुना मैया के मुद्दे पर बदनाम करने का प्रयास किया. जिसका खामियाजा आगामी सभी चुनाव में आम आदमी पार्टी को भोगना पड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. मनदीप योगी, वरिष्ठ नेता गुलशन हंस, सुभाष सिवाच, कैलाश बंसल, नंदलाल कंबोज, विक्रम शर्मा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोड, पूनम सिंगला, अरुण सेठी मौजूद रहे।

**अभियान** | जिला पुलिस ने चलाया ऑपरेशन आक्रमण

# आपराधिक व अन्य गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त 44 आरोपित गिरफ्तार

- पुलिस की करीब 25 टीमों ने दी अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे लोगों के ठिकानों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा गैरकानूनी धंधा करने वालों पर प्रभावी ढंग से शिकंजा कसने के लिए बीते दिवस ऑपरेशन आक्रमण के तहत गश्त, नाकाबंदी व संघन चैकिंग अभियान चलाकर विभिन्न अपराधिक गतिविधियों तथा गैर कानूनी धंधो में संलिप्त 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिला पुलिस की करीब 25 टीमों ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे लोगों के ठिकानों पर दबिश दी तथा चैकिंग अभियान के दौरान गैरकानूनी धंधा करने वालों को भी काबू किया है।



**सिरसा।** ऑपरेशन आक्रमण के तहत तलाशी अभियान चलाते हुए पुलिस।

उन्होंने बताया कि जिला पुलिस ने इस अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों को पकडऩे में भी सफलता हासिल की है। जिला भर में सुबह 6.00 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाकर जिला पुलिस ने विभिन्न अपराधिक गतिविधियों तथा गैरकानूनी धंधो में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के दौरान जिला के शहर सिरसा के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध मार्गों पर विशेष रूप से नाकाबंदी, चैकिंग व पैदल गश्त कर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। जिला की ऐलनाबाद सीआईए पुलिस ने गश्त के दौरान कार सवार दो युवकों को 30 ग्राम 85 मिलीग्राम हैरोइन के साथ प्रताप नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान कुलवंत पुत्र गुरनाम सिंह निवासी पातड़ा पंजाब तथा प्रिंस पुत्र गौरीशंकर निवासी वार्ड नंबर 8 ऐलनाबाद के रूप में हुई है। वहीं सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान डिंग रोड क्षेत्र से एक महिला मुस्कान पत्नी वीरेंद्र निवासी थेहड़ मौहल्ला सिरसा को 20 ग्राम 02 मिलीग्राम हैरोइन के साथ काबू किया है।

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान महिला कर्मजीत कौर पत्नी जगसीर सिंह निवासी रोड़ी को 7 ग्राम 11 मिलीग्राम हेरोइन के साथ रोड़ी कस्बा से काबू किया है।

पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा शुरू की गई मुहिम में आमजन को बढ-चढ कर भाग लेने का भी आह्वान करें। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए जनता से भी सहयोग की अपील की गई है क्योंकि जन सहयोग से ही अपराधों पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस का प्रयास है, कि लोग भयमुक्त व अपराधमुक्त समाज में बेहतर जीवन यापन कर पाएं, इसको लेकर सिरसा पुलिस हर समय जनता की सेवा, सुरक्षा तथा सहयोग को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है।



## गुजरी महल

हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान–ए–आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# अंग्रेजों ने हरियाणा क्षेत्र के सहारे किया था शासन

इतिहास

**यशपाल गुलिया**



अंग्रेजों ने दिल्ली सिंहासन पर अधिकार जमाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति को कारगर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हरियाणा के उत्तरी और दक्षिणी के इलाकों को अलग-अलग रियासतें और जागीरें बनाकर दिल्ली के तीन तरफ छावनियां गठित करके अंग्रेजों ने शासन किया। हरियाणा में 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत प्रलोभन देकर हरियाणा को सहायक बनाकर अपने शासन को सशक्त बनाया। वहीं भारतीय शासक महाराजा रणजीत के निधन के बाद उन्होंने लाहौर से अफगानिस्तान तक आक्रमण किये। हरियाणा में आज भी अंग्रेजों की गठित छावनियों और और जागीरों के प्रमाण देखे जा सकते हैं। दिल्ली में अंग्रेजी शासन को सशक्त बनाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति के तहत 1803 में जब अंग्रेज अत्याधिक सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ते हुए दिल्ली तक पहुंचे तो तत्कालीन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करते हुए सितम्बर 1803 में दिल्ली पर धावा बोल दिया। तब दिल्ली में नाममात्र बादशाह शाह आलम न केवल अन्धा था, बल्कि मराठा नेता सिन्धिया के संरक्षण में विराजमान था और मराठों का सेनापति जनरल पैरों (फ्रान्सिसि) अंग्रेजों से मिल चुका था। इसलिए अंग्रेजों ने उपलब्ध मराठा सेना से एक दिन का औपचारिक युद्ध करके दिल्ली सिंहासन पर अधिकार किया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली पर अपने शासन को स्थायित्व कायम रखने के लिए नई सैन्य व्यवस्था स्थापित की।

इसके लिए दिल्ली के तीन तरफ स्थित हरियाणा क्षेत्र में नई छावनियां गठित करनी पड़ी। दरअसल, वर्ष 1803 के आस पास वर्तमान हरियाणा क्षेत्र के उत्तर में जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, कुन्जपुरा, अम्बाला, पटियाला, लाडवा, रादौर आदि विभिन्न छोटे-छोटे रजवाड़े बने हुए थे। जबकि हरियाणा के दक्षिण पश्चिम में बल्लभगढ़, फरुखनगर, बहादुरगढ़ एवं साथ लगते राजपुताना राज्य थे। इसलिए वे सभी अपने-अपने सैन्य सामर्थ्य अनुसार इकट्ठे होकर दिल्ली स्थित अंग्रेजों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते थे। ऐसी परिस्थितियों में अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' की नीति के अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार अंग्रेजों ने सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी करनाल छावनी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली। भाड़ावास, रेवाड़ी के पास एक गांव है जहां अंग्रेजों के बारुदखानों आदि के खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। यद्यपि 1819 में उन्होंने भाड़ावास छावनी को गुड़गांव मे शिफ्ट कर लिया था, जिसको हिदायतपुर छावनी का नाम दिया गया था।



भाड़ावास छावनी में मौजूद खंडहर अवस्था में बारुद खाना के अवशेष।

**अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा जागीरें स्थापित कर डाली। 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया।**

### हरियाणा में बनाई कई रियासतें

अंग्रेजों ने इन सैन्य तैयारी के साथ-साथ दूसरा महत्त्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम नई रियासतें बनाने का उठाया था। उन्होंने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा नई जागीरें स्थापित कर डाली। जैसे 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया और उनके सामने दो शर्त थौंप दी गई। इनमें प्रथम तो बाह्य आक्रमण से ये नवाब अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगे तथा दूसरी शर्त आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजों को 200-200 घुड़सवार सैनिक उपलब्ध करवाने होंगे। इस प्रकार अंग्रेजों के दिल्ली पर अधिकार करने व अलग प्रकार की शासन व्यवस्था से हरियाणा में पहले से स्थापित छोटे शासक भयभीत हो गए थे। जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, जीन्द व अन्य सिख शासकों ने अंग्रेजों के सामने नतमस्तक होकर न केवल उनकी प्रभुसत्ता स्वीकार की, बल्कि महाराजा रणजीत से खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार तक लगा डाली। इस प्रकार अंग्रेजों को दिल्ली में अपना शासन सुदृढ़तापूर्वक कायम करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। मेवात क्षेत्र के उत्पाती व लुटेरों पर नियन्त्रण करने के लिए विलियम फ्रेंजर को एक नया सैन्य दल गठित करने के आदेश दिए गए। फ्रेंजर ने फिरोजपुर झिरका में उसी एक किलानुमा अहाता बनाकर अपना नया घुड़सवार दल बना लिया।

**अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' और अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी मदद होगी। इसी प्रकार, दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली**

### रियासतें जब्त कर शासक बने अंग्रेज

सविलियम फ्रेजर का 1835 में फिरोजपुर झिरका के नवाब ने कत्ल करवा दिया। तब तक अंग्रेज अत्यन्त शक्तिशाली शासक बन चुके थे। वे अव्यवस्था का आरोप लगाकर रियासतें व जागीरें जब्त करने लग गए थे। अंग्रेजों को तब एकमात्र शक्तिशाली भारतीय शासक महाराजा रणजीत से भय बना रहता था। यद्यपि 1809 से महाराजा के साथ उन्होंने सन्धि कर रखी थी। लेकिन 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु हो जाने पर अंग्रेजों ने लाहौर पर आक्रमण करने की तैयारी आरम्भ कर दी। तब सर्वप्रथम उन्होंने करनाल से कैन्ट को अम्बाला में शिफ्ट किया था, जो आज तक विराजमान है। वर्ष 1820 से 1840 तक अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नए जिले भी गठित कर दिए थे। इससे उनको भूमिकर व लगान प्राप्त करने में सुगमता हो गई थी। इसी प्रकार अंग्रेजों को लाहौर व अफगानिस्तान तक अपना साम्राज्य स्थापित करने में हरियाणा क्षेत्र से उनको अत्यन्त सहायता प्राप्त हुई थी। 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम दबाने में भी अंग्रेजों को अम्बाला छावनी सहायक सिद्ध हुई थी। उन्होंने सिरख शासकों की सहायता से अम्बाला में एक बड़ी सेना इकट्ठी करके करनाल व पानीपत के रास्ते दिल्ली की रिज पर पड़ाव लगा लिया था और चार मास तक सेनानियों से युद्ध करके सितम्बर 1857 में दिल्ली पर दोबारा कब्जा कर लिया था।



करनाल कैंट का चर्च टॉवर जोकि 1830 के आसपास अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था।

## काव्य संग्रह 'अस्मिता' के अनुवाद से पवन गहलोत ने बनाई पहचान



आजकल प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का क्षेत्रीय भाषाओं मैं अनुवाद होने लगा है। इसी कड़ी में रोहतक के उभरते लेखक और अनुवादक पवन गहलोत ने हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुक्ता की पुस्तक 'अस्मिता' का हरियाणवी में अनुवाद करके इस क्षेत्र में अपने शहर का नाम दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले तक पहुंचाया है। इस काव्य संग्रह की अधिकतर कविताएं नारी सशक्तिकरण का संदेश देती हैं। इसकी कुछ कविताओं में पौराणिक संदर्भों का भी जिक्र है जिनकी अनुवाद आमतौर पर जटिल समझा जाता है। दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में यूनिक फील प्रकाशन के प्रधान संपादक प्रशांत श्रीवास्तव के साथ इस काव्य संग्रह और अनुवाद के बारे में चर्चा के दौरान पवन गहलोत ने बताया कि अनुवाद के द्वारा किसी भी साहित्यिक कृति के पाठकों का दायरा बढ़ता है। आने वाले समय में अनुवाद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वे कहते हैं कि अनुवादक का कार्य चुनौती भरा होता है लेकिन एक समर्पित अनुवादक सतत परिश्रम और धैर्य का परिचय देते हुए किसी एक भाषा के साहित्य को दूसरी भाषा के पाठकों के लिए सुलभ करवाता हैं।




कविता | **कुमार**



## मां-बाप का प्यार

माँ-बाप का प्यार सच्चा होवे,  
जग में इन जैसा ना कोई होवे।  
माँ के आँचल तले सुख ही सुख,  
पिता की छाया ज्यों पेड़ की छुक।

माँ के हाथ की रोटी मिट्ठी,  
पिता की मेहनत हर दिन सच्ची।  
माँ की गोदी जन्नत लागे,  
पिता बिना दिल वीरान भागे।

माँ के आँसू मोती जैसे,  
पिता के सपने सोने जैसे।  
माँ के आँचल की ठंडक न्यारी,  
पिता की सीख बिना जीवन भारी।

माँ हर दुख को खुद सह ले,  
पिता छाया बनकर रह ले।  
माँ की दुआएं साथ निभावे,  
पिता की मेहनत रंग दिखावे।

माँ-बाप रोवें तो दिल दुखे,  
बिन इनके जीवन अधूरे लगे।  
इनकी सेवा जो भी जन करे,  
उसका घर भी स्वर्ग बने।

जो माँ-बाप की कदर न जाने,  
वो जीवन भर पछतावे।  
इनकी दुआ से ही सुख आए,  
हर मुश्किल राह आसान हो जाए।

यो जन्म पहला हो या आखरी,  
कुमार ने दुआ बस एक करी,  
चाहे भगवन जिंदगी दिए दो पल की,  
मात-पिता ने खुशियाँ दिए जीवन भर की।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

दृष्टिकोण | **विज्ञान और आयुर्वेद दोनों में ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए माना गया है अत्यंत लाभकारी**

# परंपरा ही नहीं, स्वास्थ्यवर्धक भी है धोती पहनना



परिधान | **डॉ. आशा कुमारी**

जब मैं 'जेंटलमैन' शब्द कहती हूँ, तो आपके दिमाग में कौन-सी छवि उभरती है? लगभग सभी लोगों के लिए यह एक स्मार्ट, आधुनिक व्यक्ति होगा, जो थ्री-पीस सूट और टाई पहने हुए होगा। यदि हम 'जेंटल' शब्द का अनुवाद देखें, तो इसका अर्थ 'कोमल' होता है। फिर हमने इस शब्द को केवल एक पश्चिमी पोशाक से क्यों जोड़ दिया, जबकी यह वास्तव में एक व्यक्तित्व गुण को दर्शाता है? तकनीकी रूप से, 'जेंटलमैन' शब्द को हर सभ्यता में अलग-अलग परिधानों में प्रस्तुत किया जा सकता है। तो कभी-कभी मैं सोचती हूँ कि बच्चों की किताबों में एक पगड़ी, कुर्ता और धोती पहने व्यक्ति को 'जेंटलमैन' के रूप में क्यों नहीं दर्शाया जाता?

मैं इस लेख के माध्यम से धोती पहनने के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालना चाहती हूं। हालांकि भारत के कुछ हिस्सों में इसे आज भी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में पहना जाता है, लेकिन हरियाणा में यह सिर्फ़ पुरानी पीढ़ी की एक बीती कहानी बनकर रह गई है। गाने और फ़िल्में भी इस परंपरा को दोबारा जीवंत नहीं कर पा रहे हैं। भारत में धोती सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक रूप से संतुलित पोशाक भी है, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है। यह हजारों वर्षों से भारतीय पुरुषों द्वारा पहनी जाती रही है, चाहे वह संत-महात्मा हों, विद्वान हों या फिर किसान।

विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए लाभकारी मानते हैं। आधुनिक पैंट या जींस टाइट फिटिंग के कारण शरीर के निचले हिस्से में रक्त संचार को बाधित कर सकती हैं। लेकिन धोती ढीली होती है और शरीर को पूरा आराम देती है, जिससे रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं या ज्यादा चलने-फिरने वाले कार्यों में लगे होते हैं। धोती प्राकृतिक रूप से शरीर को ठंडा रखती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो पुरुषों के लिए अधिक टाइट कपड़े पहनना उनके प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। टाइट पैंट या अंडरगारमेंट्स अंडकोष के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिससे शुक्राणु उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धोती पहनने से यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह शरीर के निचले हिस्से को खुला और हवादार बनाए रखती है, जिससे प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। यह पसीने को जल्दी सोख लेती है और त्वचा संक्रमण से बचाव करती है। धोती पहनने से रैशेज़ और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी कम होती हैं। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जिसमें 2,000 ब्रिटिश पुरुषों को शामिल किया गया, टाइट फिटिंग जींस पहनने से मूत्र संक्रमण (यूटीआई), वैरिकोसील, अंडकोष के मुड़ने, मूत्राशय की कमजोरी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। 2013 की एक समीक्षा के अनुसार, टाइट कपड़े पहनने से मेराल्जिया पैरास्टेटिका नामक रीढ़ की हड्डी की एक नस दबने की समस्या हो सकती है। यह स्थिति जांघ के किनारे सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द का कारण बन सकती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में सूती वस्त्र सबसे अधिक आरामदायक और त्वचा के लिए अनुकूल माने जाते हैं। सूती कपड़ा नरम और हल्का होता है, जो त्वचा के लिए आरामदायक रहता है। यह किसी भी प्रकार की जलन, खुजली या एलर्जी नहीं पैदा करता, इसलिए संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। सूती कपड़ा गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। यह हवा को पास होने देता है, जिससे त्वचा को ताजगी महसूस होती है और पसीना जल्दी सूख जाता है।कृत्रिम कपड़ों की तुलना में सूती कपड़ा बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से बचाव करता है। यह हानिकारक केमिकल्स से मुक्त होता है, जिससे त्वचा की सुरक्षा बनी रहती है। सूती कपड़ा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। यह बायोडिग्रेडेबल होता है और प्लास्टिक या सिंथेटिक कपड़ों की तरह प्रदूषण नहीं फैलाता।



आजकल फैशन और कम लागत के कारण सिंथेटिक (कृत्रिम) कपड़े और रासायनिक रंगों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, ये कपड़े और रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। सिंथेटिक कपड़े मुख्य रूप से नायलॉन, पॉलिएस्टर, रेयान और ऐक्रेलिक जैसे कृत्रिम रसायनों से बनाए जाते हैं, जो त्वचा और शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक रंग (डाई) भी कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं जैसे एलर्जी और खुजली, एक्जिमा और संपर्क डर्मेटाइटिस, फंगल संक्रमण, अस्थमा, हार्मोन असंतुलन और कैंसर आदि। धोती शरीर को मुक्त रखती है और नसों तथा मांसपेशियों को प्राकृतिक रूप से आराम देती है।

धोती के कुछ और फायदे भी हैं, जैसे इसे सीलने की कोई ज़रूरत नहीं होती क्योंकि आप इसे खुद लपेटते हैं। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत (सुपरपर्सनलाइज़्ड) होती है। भरपेट भोजन के बाद कमर कसने की चिंता करने की भी ज़रूरत नहीं पड़ती। आज के दौर में लोग धोती को पुरानी सोच से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसके वैज्ञानिक लाभों को समझने के बाद इसे फिर से अपनाने की जरूरत है। आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी पुरानी परंपराओं को पूरी तरह से छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि उनके वैज्ञानिक पहलुओं को समझकर उन्हें फिर से अपनाने का प्रयास करना चाहिए। धोती पहनना सिर्फ एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान-सम्मत, स्वास्थ्यवर्धक और सुविधाजनक विकल्प भी है।

# सिनेमा को दर्शकों और सरकार का चाहिए सहयोग : संगीता

कलाकार | **डॉ. तबस्सुम जहां**

हरियाणवी सिनेमा में संगीता देवी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी ग़ज़ब की अदाकारी से हरियाणवी सिनेमा में छा जाने वाली यह अभिनेत्री अब तक की 54 फिल्मों और वेबसीरीज़ के साथ-साथ 7 बॉलीवुड और एक पंजाबी फिल्म कर चुकी हैं। बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' और पंजाबी फिल्म कुड़ी हरियाणे वाली, स्टेज ऐप पर 'चंद्रो का चूल्हा' में उनके 3 एपीसोड हैं। संगीता देवी ने हरियाणवी परिधान में स्टेज ऐप पर हरियाणवी संस्कृति और पहनावा दोनों को प्रमोट किया है। इनकी आने वाली फिल्मों में अग्निवीर जैसे कई नाम हैं। इन सबसे अलग उनकी पेंटिंग की दुनिया है। क्राफ्ट और पर्यावरण के लिए समर्पित इन्होंने 3000 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। इसके अलावा कला जीवन समिति के तहत आर्ट वर्कशॉप, गरीब बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहायता करना, हरियाणवी खानपान और पहनावे को बढ़ावा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।



संगीता देवी का जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गांव बामला में हुआ। इनके पिता गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। दादी का हरियाणवी क्राफ्ट बहुत अच्छा था। उनके प्रभाव से ही संगीता ने भजन, कीर्तन, शादी-ब्याह के गीत, जकड़ी, त्यौहार के गीत सब उनके साथ रहकर सीखे। 10वीं के बाद शादी हो गई और पढ़ाई पर भी रोक लग गई थी। शादी के बाद उनके जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए। आर्थिक विसंगति से जूझते हुए शादी के बाद नेशनल ओपन से 12वीं पास की। आदर्श महिला महाविद्यालय से बीए-बीएड की। इन्होंने एंडी हरियाणा टीवी चैनल से जुड़कर अनेक गीत करने के अवसर मिले। वह धीरे-धीरे फिल्म लाइन से भी जुड़ गई। इनकी अभिनय की शुरुआत डायरेक्टर संदीप बसवाना की बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' से हुई। हरियाणवी सिनेमा में आए उतार-चढ़ाव के संबंध में पूछने पर संगीता देवी का मानना है कि हरियाणा में फिल्म 'चंद्रावल' की धूम आज भी है। उसके बाद दर्जनों फिल्में आई। इनमें कुछ उम्दा भी रहीं लेकिन कोई भी फिल्म जनता का ध्यान नहीं खींच पाई। एक लंबे अर्से के बाद हरियाणवी संस्कृति एक बार फिर से जी उठी, जब यशपाल शर्मा ने ऐतिहासिक फिल्म 'दादा लखमी' बनाई। स्टेज एप पर अपने काम करने के अनुभव के बारे में संगीता देवी बताती हैं कि उन्होंने स्टेज ऐप के साथ काफी प्रोजेक्ट किए हैं जैसे चंद्रो का चूल्हा, ओपरी पराई, जिद, गौरव की स्वीटी, रंडुआ रामफल आदि। वे बताती हैं कि स्टेज एप के साथ काम करने का उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा है। सरकार फिल्म बनाने के लिए जो पॉलिसी लेकर आई है उसके संदर्भ में संगीता का मानना है कि इसका लाभ अभी तक किसी को नहीं मिला है। जब मिलना शुरू होगा तो लोग और अच्छा काम कर पाएंगे। प्रोड्यूसर भी पैसा लगाने से घबराएंगे नहीं। इसके ज़रिए हरियाणवी फिल्मों का एक सुखद भविष्य देखा जा सकता है। उन्हें यक़ीन है कि यदि सरकार सहायता करती है तो जरूर बदलाव ज़रूर आएंगे। आने वाले समय में संगीता देवी हरियाणवी सिनेमा को एक बदलाव के रूप में देख रही है। उनका मानना है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं बिना किसी चमक धमक के रियल काम हो रहा है। संस्कृति के साथ संस्कारों की बात हो रही है। आने वाला समय वह काफ़ी अच्छा देख पा रही हैं। हरियाणवी में फिल्में तो बन रही हैं लेकिन थियेटर में लोगों के न आने के क्या कारण हैं, इस पर संगीता देवी ने बताया कि इसे जनता में जागरूकता की कमी कहें या लोगों का सुविधा भोगी, कुछ भी कहना मुश्किल है। आजकल इतने ओटीटी प्लेटफार्म मिल गए हैं उनसे घर बैठे फोन में ही सब कुछ दिख रहा है। लोगों को घरों से बाहर निकालने के लिए अच्छे कॉन्सेप्ट चाहिए। अच्छे प्रचार की भी आवश्यकता है। अच्छी फिल्मों के साथ-साथ अच्छा प्रचार भी चाहिए।





### थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम

अभिनेत्री संगीता देवी का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म आने से थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम हो रहा है। जब बहुत सारे ओटीटी प्लेटफार्म होते हैं तो लोग फिर सुविधाएं देखने लगते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म हो या वेबसीरीज़, घर बैठे देखने को मिल जाती हैं। दर्शकों का रुझान कुछ समय के लिए कम हो सकता है पर ख़त्म जैसी कोई बात नहीं है। आज भी लोग काफी संख्या में फिल्में सिनेमा घर में देखते हैं। लोगों के स्पोर्ट और सरकार की सहायता से कुछ और अच्छे प्रयास करने जरूरी हैं जिनसे लोग घरों से निकलने को मजबूर हों।

## खबर संक्षेप

### बाबा श्याम का विशाल जागरण 24 को

**आदमपुर।** आदमपुर श्याम मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी 24 फरवरी को नवरात्र महोत्सव ग्राउंड में बाबा श्याम का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। संस्था के सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि इस मौके पर बाहर से आए गायक बाबा श्याम का गुणगान करेंगे तथा 56 भोग लगाया जाएगा। इस दौरान बाबा का दरबार देखने लगे लायक होगा।

### 850 लीटर लाहन, 19 बोतल शराब बरामद

**बरवाला।** पुलिस ने अवैध रूप से कच्ची शराब निकालने वालों पर कार्रवाई करते हुए गांव खरक पूनिया स्थित खेत में बनी रसोई से अवैध कच्ची शराब बनाने की चलती भट्ठी को नष्ट कर 850 लीटर लाहन और 19 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद की। एएसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव खरक पूनियां स्थित खेत में बनी रसोई में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर छापा मारा और भट्टी के पास खड़े एक युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम खरक पूनिया गांव निवासी पवन बताया। तलाशी लेने पर खेत में बनी रसोई में चलती भट्टी, 850 लीटर लाहन और 19 बोतल अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने चलती भट्ठी को नष्ट कर, बरामद 850 लीटर लाहन, 19 बोतल अवैध कच्ची शराब को कब्जा पुलिस लेकर उक्त आरोपी पवन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### इनवर्टर चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** मोहल्ला डोगरान चौकी पुलिस ने बिजली मिस्त्री के घर से इनवर्टर चोरी के मामले में मोहल्ला डोगरान निवासी रोहित उर्फ बनिया को गिरफ्तार किया है। एएसआई बलवंत सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी ने 6 फरवरी बिजली का काम करने वाले मोहल्ला डोगरान निवासी जगदीश के घर से इनवर्टर चोरी किया था। पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ बनिया को गिरफ्तार करके उससे चोरीशुदा इनवर्टर बरामद कर लिया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी पहले भी चोरी की वारदातों में शामिल रहा है। रोहित उर्फ बनिया को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### तार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**आदमपुर।** पुलिस ने शिवा सेल्ज कॉरपोरेशन नामक फैक्ट्री से तांबे की तार चोरी के मामले में नामजद आरोपी इंद्रा कॉलोनी मंडी आदमपुर निवासी गौरव को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही मंजीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में नई अनाज मंडी आदमपुर निवासी राजेश कुमार ने उसकी दड़ौली फाटक के नजदीक स्थित शिवा सेल्ज कारपोरेशन नामक फैक्ट्री से तांबे की तार चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 6 फरवरी को फैक्ट्री में गया तो उसे 10-15 किलोग्राम के लगभग तांबे की केबल तार चोरी हुई मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी गौरव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा तांबे को तार बरामद कर ली है। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दो लाख रुपये व जेवरात ऐंठने वाली महिला काबू

**नारनौंद।** गांव बास खुर्द के एक युवक से शादी के नाम पर दो लाख रुपए व जेवरात ठगने वाली महिला भिवानी के गांव बुद्धशैली निवासी सुनीता को गिरफ्तार कर रविवार को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। संदीप ने बताया कि उसके भांजे साहिल का दोस्त सचिन रिश्ते करवाता है। सचिन ने साहिल से मेरा रिश्ता करवाने की बात कही। अप्रैल 2024 में सचिन ने एक लडकी की फोटो भेजी और रिश्ता करवाने की बात कहकर दिल्ली बाइपास पर रेस्टोरेंट में बुलाया। दोनों परिवारों की मौजूदगी में 10 मई को शादी हो गई। विदाई से पहले सचिन ने पैसे, एक सोने की अंगूठी व गहने मांगें, नहीं देने पर लड़की विदा करने से मना कर दिया।

# 'नी मैं नचना गुरां दे नाल' भजन पर थिरके श्रद्धालु

- तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन संत समागम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। वार्षिक उत्सव में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

परम अद्वैत परमहंस श्री आनंदपुर दरबार का वार्षिक उत्सव जवाहर चौक स्थित श्रीकृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन संत समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में भजन प्रस्तुति देते हुए टी-सीरीज कलाकार भारत टुटेजा ने अपने भजनों से भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। भारत टुटेजा ने 'नी मैं नचना गुरां दे नाल, आज मेनू नच लेन दे, तेरे नाल प्रीता पा के असी चंगी रह गए, बिन पिए नशा हो जाता है जो राधे-राधे गाता है' आदि सुंदर भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। समागम में गुरदेव जी ने अपने वचनों में बताया कि यह मानुष जन्म बार-बार नहीं मिलता है, जितना हो सके अपने भजनों से इस जन्म को सफल करें। वार्षिक उत्सव की सारी संगत को बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम के बाद लंगर प्रसाद वितरित किया गया।

# श्री श्याम बगीची धाम का स्थापना महोत्सव

- दूसरे दिन सरदूलगढ़ से 151 श्रद्धालुओं का पैदल जत्था बगीची पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। भजन प्रस्तुत करते भजन गायक। फोटो: हरिभूमि

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर के तीसरे 12 दिवसीय स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार शाम को सरदूलगढ़ पंजाब से 151 श्रद्धालुओं का पैदल जत्था श्याम बगीची पहुंचा। भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि 7 फरवरी से शुरु हुआ मंदिर का तीसरा स्थापना महोत्सव 18 फरवरी तक 12 दिन चलेगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता से मंगवाए गए विशेष फूलों से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि सरदूल गढ़ पंजाब से 151 श्रद्धालुओं का जत्था पैदल हाथों में बाबा श्याम का निशान लेकर सिरसा श्याम बगीची धाम में पहुंचा। सभी श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम को निशान अर्पण किया। उन्होंने बताया कि श्यामप्रेमी पुलिस कर्मचारी सतीश चावला ने पूजा की। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, हितेश शर्मा व ललित शर्मा ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न करवाई। शाम सवा सात बजे बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्जवलित की गई। राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। गनेरीवाला ने इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ, भजन-पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे, थारै हाथा मै महारै मनड़ की डोर, घुंघटियो आड़ आ ग्यो जी, गर जोर मेरो चालै तो हीरां मोतियां से नजर उतार दूं सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद गुरुग्राम से आए भजन गायक शुभम ठाकरान ने बाबा श्याम के श्री चरणों में अपनी हाजिरी लगाई।

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# देश में किसानों के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्षरत है किसान सभा

देश भर के 1 करोड़ 43 लाख किसान किसान सभा के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




फतेहाबाद। किसान सभा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. पुष्पेंद्र त्यागी। फोटो: हरिभूमि

अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शहीद उधम सिंह भवन में किया गया। इस प्रशिक्षण प्रोग्राम में किसान सभा के इतिहास और संघर्ष पर व्याख्यान केंद्रीय कमेटी के सदस्य पुष्पेंद्र त्यागी ने किया और किसान सभा के सांगठनिक ढांचे और इसकी मजबूती और विस्तार विषय पर राज्य सेक्रेटरी सुमित ने संबोधन किया। इस अवसर पर किसान सभा राज्य केंद्र से दिनेश सिवाच विशेष रूप से मौजूद रहे। किसानों की क्लास का संचालन जिला सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह बाटू ने किया और समापन जिला प्रधान विष्णु दत्त शर्मा ने किया। किसान सभा के इतिहास पर विचार व्यक्त करते हुए पुष्पेंद्र त्यागी ने बताया कि आज पूरे देश के किसान देश की खेती-बाड़ी को बड़े पूंजीपतियों की मार से बचाने के लिए आंदोलनरत हैं, लेकिन किसानों का यह संघर्ष कोई नया नहीं है। यह किसानी संघर्ष हमारे देश की आजादी के पहले से निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि पूरे देश के किसानों को एकजुट करते हुए किसान सभा की स्थापना 1936 में स्वामी सहजानंद सरस्वती ने की। आज किसान सभा एकमात्र ऐसा संगठन है जो कि देश के 26 राज्यों में सक्रिय है और पूरे देश में किसानों के मुद्दों को लेकर संघर्षरत है और देश भर के 1 करोड़ 43 लाख किसान किसान सभा के सदस्य हैं।

### गांव-गांव में किसान सभा की इकाई गठित करते हुए आंदोलन को तीखा किया जाएगा

किसान सभा हरियाणा के सेक्रेटरी सुमित ने किसान सभा के सांगठनिक ढांचे की मजबूती और विस्तार के बारे में बताया। सुमित ने कहा की भाजपा के नेतृत्व वाली वर्तमान केंद्र सरकार नया कृषि मंडीकरण ड्राफ्ट लेकर आई है जिसके तहत पूरे देश की मंडियों को अदानी जैसे बड़े कॉरपोरेट्स को सौंपने की तैयारी है। इसके साथ हरियाणा में स्मार्ट मीटर की योजना लागू की जा रही है जिससे आम किसानों मजदूरों के लिए बिजली पहुंच से बाहर हो जाएगी। आने वाले समय में इन तमाम मुद्दों पर हरियाणा में किसानों को लामबंद करते हुए गांव गांव में किसान सभा की इकाई गठित करते हुए आंदोलन को तीखा किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामस्वरूप पूर्व जिला पार्षद, जगतार सिंह, पतराम ढाणी ईशर, बलविंदर सिंह धारसुल, केवल सिंह, अमर सिंह तलवाड़ा, पंजाब सिंह, सुभाष भादू भट्टू, सोमदत्त भूना, मनु गोरखपुर, बलविंदर पाल सिंह, परमजीत सिंह फौजी, जोगीराम आदि शामिल रहे।

# विदेश जाने के लिए अधिकृत एजेंटों से ही मिलें: एसपी

- अवैध एजेंटों के खिलाफ होगी कार्रवाई, यूएस से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी एसपी हेमेंद्र मीणा।

शिक्षा या वर्क करने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रैवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें। यह बात हांसी पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के बढ़ रहे मामलों के मद्देनहर लोगों को जागरूक करते हुए कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हरियाणा एक सम्पन्न प्रदेश है। यहां के लोगों की विदेश जाने की काफी इच्छा होती है। लोगों के इस इच्छा का फायदा उठाकर फर्जी ट्रैवल एजेंट वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के द्वारा लोगों से सम्पर्क करते हैं। ये लोग पीड़ितों को तब झांसे में फंसा लेते हैं जब वे सोशल मीडिया पर प्रसारित नकली यात्रा विज्ञापनों का जवाब देते हैं। इसके बाद एजेंटों द्वारा तरह-तरह के लालच देकर पैसे हड़प लिए जाते हैं। बहुत से मामलों मे ये एजेंट आम लोगों को अवैध तरीके से सीमावर्ती दुसरे देशों में भेज देते है जैसे अमेरिका जाने वालों को मैक्सिको, क्यूबा आदि देशों मे व इसी प्रकार आस्ट्रेलिया जाने वालो को मलेशिया आदि देशों मे ले जाते है और वहां से जंगलों, समुन्द्री रास्तों, सड़क मार्ग द्वारा पैदल नावों, कन्टैनरों द्वारा गैर कानूनी तरीके से सीमा पार करवाते है। इस यात्रा के दौरान बहुत से लोगों की ठण्ड के कारण, जहरीले जानवरों के काटने से, नाव डूबने या कंटेनर में दम घुटने से मृत्यु तक हो जाती है। बहुत से मामलों मे इस प्रकार विदेश गये लोगों के पासपोर्ट आदि दस्तावेज अपराधियों द्वारा छीन लिए जाते है और उनसे डरा धमका कर गलत कार्य करवाये जाते है। इसलिए हमें ऐसे भ्रामक विज्ञापनों से बचकर रहना चाहिए। आपके द्वारा बरती गई थोड़ी-सी सावधानी आपको ऐसे ठगों का शिकार होने से बचा सकती है।

# दौड़ में अमन और अंकिता रहे अव्वल



**बरवाला।** गुरु रविदास के जन्मदिवस पर रविदास नगर वार्ड नंबर 19 में पहली दौड़ प्रतियोगिता हुई। फौजी बिजेन्द्र दहिया और कोच बिट्टू राठी ने किया। प्रतियोगिता में विशेष सहयोग समाजसेवी मास्टर कृष्ण चौहान देवीगढ़ पुनियां का रहा।

200 मीटर दौड़ अंडर-11 में प्रथम अमन मेहरा, द्वितीय पवन व तृतीय स्थान सेवक मेहरा रहे। 1500 मीटर दौड़ ओपन में प्रथम स्थान अंकित कापड़ो और द्वितीय स्थान राहुल कुमार तथा तृतीय स्थान गुरमेल रंगा ने प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मास्टर कृष्ण चौहान और फौजी बिजेन्द्र दहिया तथा कोच बिट्टू राठी ने सम्मानित किया।

मास्टर कृष्ण चौहान ने अपने संबोधन में इन विजेता खिलाड़ियों की हौसला अफ़ज़ाई की और कहा कि खेलों में भाग लेने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और शरीर हष्ट पुष्ट व तंदुरुस्त रहता है तथा सहयोग व नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। इस अवसर पर बलवान पावरिया, वजीर दहिया, प्रतीक मेहरा, मनजीत, मोनू पावरिया, जेई देवेंद्र, नरेश मेहरा, पंकज मेहरा, अंकित मेहरा व गुरमीत कटारिया इत्यादि मौजूद रहे।



# तीरंदाजी में हरियाणा चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

- टीम ने 4 स्वर्ण, दो रजत व कांस्य सहित सात पदक जीते

उत्तराखंड में हुई 38वें राष्ट्रीय खेलों की तीरंदाजी मुकाबलों में हरियाणा तीरंदाजी में चैंपियन बना है। प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाडियों ने 4 स्वर्ण 2 रजत व 1 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीत चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। हरियाणा के खिलाड़ियों ने झारखंड, मनीपुर, वेस्ट बंगाल जैसी टीमों को हरा कर चैंपियन ट्रॉफी जीती। टीम मैनेजर व कोच मनजीत मलिक ने बताया कि इंडियन राउंड में हरियाणा के लड़के व लडकियों की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। उमरा गांव के रवी मलिक, आशिष मलिक, उकलाना से राहुल व नारनौल से यशु तथा लडकियों की टीम में मोनिका, निकिता हिसार, जींद से काजल व नारनौल की दिव्या ने इंडियन राउंड में स्वर्ण पदक जीता। रिकर्व राउंड टीम में भावना शर्मा व अवनी मलिक उमरा हिसार, भजनकौर व कीर्ति जींद ने कांस्य पदक जीत चैंपियन ट्रॉफी जीती।

### कांग्रेस के पूर्व युवा जिला अध्यक्ष अर्जुन

**हिसार।** कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष रहे अर्जुन ठाकुर ने हिसार नगर निगम में मेयर पद के लिए दावेदारी जताई है। अर्जुन ठाकुर कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष रहने के अलावा सर्वदलीय गौरक्षा मंच के राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुके हैं और सामाजिक कार्यों में भी वे सदैव आगे रहते हैं। वे अखिल कुमार बॉक्सिंग क्लब के वाइस प्रेजिडेंट भी हैं।

वे अपने वार्ड से एमसी के चुनाव मैदान में भी उतरे थे लेकिन उन्होंने शकुंतला राजलीवाला को समर्थन देकर उन्हें एमसी बनाकर मेयर बनाने में अपना योगदान दिया था।

अर्जुन ठाकुर ने कहा कि यदि सावित्री जिंदल ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया तो वे मेयर पद के लिए चुनाव मैदान में जरूर उतरेंगे।

# इंडस आरपीएस स्कूल: पडल डक्स बेबी शो व स्कॉलरशिप परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में रविवार को पडल डक्स बेबी शो और कक्षा पहली से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि सोनाक्षी हॉस्पिटल के डॉक्टर कुलदीप और प्रधानाचार्या नीलम राठी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां रखी गई, जैसे सबसे स्वस्थ बच्चा, सक्रिय बच्चा, नटखट बच्चा। विभिन्न खेल गतिविधियां रखी गई जैसे अंगूठी उछालो, बत्तख को डुबाओ, नोबिता को खाना खिलाओ, बकेट बैश व जादू का शो। इन गतिविधियों पर सुपर स्टार पुरस्कार दिए गए जैसे गोल-मटोल गाल, सबसे स्वस्थ बच्चा, सबसे स्टाइलिश बेबी, फोटोजेनिक बेबी। जिसमें नन्हें-नन्हें बच्चों ने कैटवॉक से सबका दिल जीत लिया।कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने अपने मन के भाव कविता के रूप में प्रकट किए। जो भी गतिविधियां आयोजित की गई थी उन गतिविधियों से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला। बच्चों ने गतिविधियों में भाग लेकर सबका मन मोह लिया। बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुख्यातिथि डॉ. कुलदीप ने कहा कि स्कूल में शिक्षण के साथ संस्कार की जो शिक्षा दी जा रही है वह सराहनीय है। स्कूल की उपलब्धियों और कार्यों की प्रशंसा करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बेबी शो प्रतिभागियों के लिए हुनर निखारने का मंच: डॉ. एकता

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि बेबी शो प्रतिभाशाली बच्चों के हुनर को निखारने का मंच है। स्कूल की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने कहा कि प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियां दी। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीनियर एवं जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप को लेकर जिला टीम का ट्रायल

# बैजलपुर में 135 खिलाड़ियों ने दिखाया प्रतिभा का हुनर

- ट्रायल प्रतियोगिता के बाद 18-18 खिलाड़ियों की तीनों ही टीमों के लिए चयनित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना



भूना। बैजलपुर में जिला टीम के लिए ट्रायल देते हॉकी खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

सीनियर एवं जूनियर स्टेट हॉकी चैम्पियनशिप को लेकर जिला टीम का रविवार को चयन ट्रायल लिया गया। इसमें अलग-अलग तीन वर्गों की टीम के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जिला हॉकी एसोसिएशन के सचिव रणसिंह ने बताया कि बैजलपुर हॉकी मैदान रविवार को 11वीं सब जूनियर व 18वीं जूनियर तथा 36वीं सीनियर महिला स्टेट चैम्पियनशिप के लिए सिलेक्शन ट्रायल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। उपरोक्त टीम के खिलाड़ी 18 से 25 फरवरी तक हिसार में प्रस्तावित हॉकी चैम्पियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाएंगे। टीम के चयन ट्रायल के दौरान हॉकी कोच जितेंद्र ढिल्लो व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पवन ओला, वरिष्ठ खिलाड़ी संदीप कुमार की देखरेख में किया गया। उन्होंने बताया कि 11वीं सब जुनियर व 18वीं जूनियर तथा 36वीं सीनियर महिला स्टेट चैम्पियनशिप के लिए फतेहाबाद जिले के 135 खिलाड़ियों ने ट्रायल प्रतियोगिता में भाग लिया। ट्रायल प्रतियोगिता के बाद 18-18 खिलाड़ियों की तीनों ही टीमों के लिए चयनित किया गया। ट्रायल प्रतियोगिता में बैजलपुर गांव के अतिरिक्त धारणिया व बड़ोपल इत्यादि कई गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर बैजलपुर के सीनियर हॉकी खिलाड़ी संदीप नैन, संदीप ओला, कृष्ण कुमार, संदीप बेनीवाल, कोच विकास कुमार, अनिल कुमार, अजब सिंह, प्रदीप कुमार, अनिल बारी आदि मौजूद थे। जिला हॉकी एसोसिएशन ने ट्रायल देने आए सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और तीनों टीमों के खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिता में तनावमुक्त होकर बेहतर प्रदर्शन करने के टिप्स भी दिए।

### लखनऊ में बैजलपुर की टीम दिखाएगी दमखम

**भूना।** मेजर ध्यान सिंह हॉकी स्पोर्ट्स क्लब बैजलपुर की टीम उत्तर प्रदेश के लखनऊ में प्रस्तावित अंडर 14 आयु वर्ग की 36वीं ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएगी। उपरोक्त प्रतियोगिता 11 फरवरी से 20 फरवरी तक लखनऊ में संपन्न होगी। हॉकी कोच रणसिंह ओला ने बताया कि बैजलपुर में अंडर 14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन करके रविवार की सुबह ही लखनऊ के लिए रवाना किया। कोच सत्यबीर ओला व मैनेजर कुलदीप सिंह भी टीम के साथ गए हैं। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान संदीप नैन व सचिव रणसिंह ने टीम को उज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ अच्छा प्रदर्शन करके गोल्ड

## खबर संक्षेप

### युवक को 5.74 ग्राम हेरोइन सहित पकड़ा

**ओढां।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गांव खाई शेरगढ़ क्षेत्र से युवक को 5.74 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर महेंद्र पुलिस टीम के साथ गश्त व चेकिंग के दौरान गांव घुंकावाली से गांव खाई शेरगढ़ की ओर जा रहे थे। गांव खाई शेरगढ़ में टी प्वाइंट पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर एकदम गेहूं के खेत मे भाग गया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 5.74 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप सिंह उर्फ मीता पुत्र अजायब सिंह निवासी गांव घुकांवाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ ओढां थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

### परिवार से बिछड़ी लडक़ी को सकुशल घर पहुंचाया

**डबवाली।** महिला थाना पुलिस ने महिला सुरक्षा का उदाहरण पेश करते हुए परिवार से बिछड़ी लडक़ी को सकुशल उसके घर पर पहुंचाया। महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमला देवी ने बताया कि बीती शाम एक लडक़ी अपनी मां से मिलने सिरसा से डबवाली आई थी। जो रास्ता भटक जाने के कारण इधर-उधर भटक रही थी। लडक़ी का नाम पता करके उसे सकुशल उसके परिवार वालों के हवाले किया गया।

### इग्नू में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 15

**सिरसा।** जीएनसी सिरसा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि इग्नू में दाखिला लेने के इछुक विद्यार्थी व री-रजिस्ट्रेशन करवाने वाले विद्यार्थी आगामी 15 फरवरी तक अपना दाखिला ले सकते हैं। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि इग्नू अध्ययन केंद्र में इच्छुक छात्र विभिन्न विषयों में दाखिला ले सकते है। इसके साथ यह भी बताया कि अध्ययन केंद्र 1014 में लाइब्रेरी साइंस की प्रायोगिक परीक्षाएं कुलदीप अरोड़ा के नेतृत्व में प्रत्येक रविवार चल रही है जिसकी अंतिम तिथि 16 फरवरी 2025 है व जिन विद्यार्थियों ने मनोविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए फीस भरी है, उनकी प्रायोगिक परीक्षाएं डॉ. जगदीप सिंह के नेतृत्व में जारी हैं।

### अलग-अलग स्थानों से गाड़ी व बाइक चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर एक गाड़ी व मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव रंगड़ीखेड़ा निवासी सोनू ने बताया कि बीती 7 फरवरी को वह गांव फरवाईकलां में एक शादी समारोह में गया था। उसने अपनी बाइक पैलेस के बाहर खड़ी की थी। कुछ समय बाद संभाला तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में गांव कंगनपुर निवासी गुलशन कुमार ने बताया कि वह मेले में खिलौने बेचने का काम करता है। उसने बताया कि वह अपनी गाड़ी लेकर गांव कागदाना में बीती 8 फरवरी की सुबह बाबा रामदेव मंदिर मेले में गया था। गाड़ी बाहर खड़ी कर वह सामान लेकर अंदर चला गया। शाम को जब उसने गाड़ी संभाली तो गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

# वरच्युस महिला कबड्डी लीग में भिवानी की टीम बनी विजेता

**हरियाणा के विभिन्न शहरों से लड़कियों की 16 टीमों ने भाग लिया**

- विभिन्न टीमों के बीच सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मुकाबले
- खेल देखने के लिए कॉलेज की छात्राओं में काफी उत्साह दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

नगर की प्रमुख संस्था वरच्युस क्लब द्वारा स्थानीय महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में लडकियों की दूसरी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप वरच्युस महिला कबड्डी लीग का भव्य आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने के लिए हरियाणा के विभिन्न शहरों से लड़कियों की 16 टीमें पहुंची। इस टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले के बाद जिला भिवानी के खुंगर भैनी गांव की योद्धा टीम ने विजेता बनने का गौरव पाया। फाइनल मुकाबले में योद्धा टीम ने तोशाम की डायनामाइटस टीम को 23-21 के अंतर से हराया। जिला पानीपत के गांव डाहर की बुल्स टीम जिला सोनीपत के गांव भावडा की राइडर्स टीम को 19-17 के अंतर से हरा तृतीय स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट में डायनामाइट टीम से तोशाम की खिलाड़ी रौनक ने बेस्ट कैचर एवं जिला भिवानी की योद्धा टीम से खिलाड़ी मनीषा ने बेस्ट रेडर का खिताब अपने नाम किया।



**डबवाली।** विजेताओं को सम्मानित करते विधायक आदित्य देवीलाल

इस कबड्डी लीग के उद्घाटन समारोह में शहर की प्रसिद्ध महिलाएं डा. राखी गुलाटी, डा. शालू पूनिया, डा. गरिमा चौधरी, डा. दीपिका जिंदल व सुमन कामरा ने मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर इस चैंपियनशिप का शुभारंभ करते हुए खिलाडियों का उत्साह बढ़ाया। हट कबड्डी, कोमल है कमजोर नहीं, शक्ति का नाम ही नारी है आदि नारों की गूंज के साथ इस भव्य इस खेल टूर्नामेंट का आगाज किया गया। अपने संबोधन में डा. राखी गुलाटी ने कबड्डी लीग शुरु करने की घोषणा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐसे महिला खेल टूर्नामेंट का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। इन टूर्नामेंट्स में महिलाएं अपनी प्रतिभा दिखाती हैं जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

महाराणा प्रताप कॉलेज की प्रिंसिपल अंजु बाला ने सभी अतिथियों व अन्य लोगों का स्वागत किया। प्रकल्प प्रमुख नरेश शर्मा ने बताया कि इस बड़े टूर्नामेंट में हरियाणा की 16 टीमों के 160 महिला खिलाड़ियों ने भाग लेकर इतिहास रचा है। महिला थाना प्रभारी कमला रानी ने विशेष तौर पर पहुंचकर उपस्थित छात्राओं को डायल 112 एप व अन्य जानकारी देते हुए जागरूक किया।

#### विजेता टीम को किया सम्मानित

टूर्नामेंट के समापन समारोह में डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जबकि सम्मानीय अतिथि के रूप में पैट्रो डीलर संदीप चौधरी, नगरपरिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, पवन सोनी, परम धुन्ना, वरूण सिंगला, सुनील मैहता, नंदीशाला प्रधान पंकज मोंगा, संजय कक्कड, अनिल सिंगला, हकीकत सिंह, अमन सुखीजा, सचिन कालड़ा, अमित खरब, दिलबाग सचदेवा व कुंज बिहारी शामिल हुए। आदित्य देवीलाल ने टूर्नामेंट की विजेता टीम को वरच्युस कप व 15 हजार रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम को वरच्युस कप व 11 हजार रुपए की राशि एवं तृतीय रही टीम को वरच्युस कप के साथ 5100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।

#### इस प्रकार के खेल आयोजन सराहनीय

इसके बाद एनआईएस प्रशिक्षित कोचों की देखरेख में विभिन्न टीमों के बीच सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक दिलचस्प कबड्डी मुकाबले हुए। इसे देखने के लिए कॉलेज की छात्राओं में काफी उत्साह नजर आया। संबोधन में आदित्य देवीलाल ने कहा कि डबवाली इलाके में इस प्रकार के खेल टूर्नामेंट का बढ़ा आयोजन बहुत ही सराहनीय प्रयास है। इससे क्षेत्र के बेटे-बेटियों का रूझान खेलों की तरफ निश्चित तौर पर बढ़ेगा और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त से बाहर आकर प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से खिलाड़ी में अनुशासन एवं लीडरशिप की क्वालिटी भी पैदा होती है। उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने दूर-दूर से आई लड़कियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारी बेटिया जीती रहें और हमेशा जीतती रहें।

वरच्युस क्लब के संस्थापक केशव शर्मा ने कहा कि क्लब द्वारा पिछले 45 वर्षों से खेल, कला, साहित्य, स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न प्रकल्प लगाकर अपना दायित्व निभाया जा रहा है। क्लब पदाधिकारी दृढ़ संकल्पित हैं कि इस तरह के बड़े आयोजनों का सिलसिला भविष्य में भी लगातार जारी रहे।


**फतेहाबाद।** सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर। फोटो : हरिभूमि

# टोहाना में शटर तोड़कर मोबाइल शॉप में घुसे चोर, फोन व कैश चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में एक मोबाइल की दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। ललितेश टेलीकॉम की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए के मोबाइल फोन और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। एक साल में इस दुकान में चोरी की से चौथी वारदात हुई है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। दुकान में घुसे चोर की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार टोहाना निवासी ललितेश की रेलवे रोड स्थित कवर सैन चौक पर मोबाइल फोन की दुकान है। चोर रात को दुकान का शटर तोड़ कर अंदर घुस गए। दुकान में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं, लेकिन चोर ने कैमरे का मुंह दूसरी तरफ घुमा दिया। इसके बाद वह दुकान से कीमती सामान लेकर फरार हो गया। दुकान से एक टच मोबाइल, तीन कीपैड मोबाइल और नकदी चोरी की गई है। दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज से पता चला है कि दो चोर दुकान में घुसे। सबसे पहले कैमरे का रुख दूसरी तरफ कर दिया। दुकान के मालिक ललितेश ने बताया कि शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। उसकी दुकान में चौथी बार चोरी हुई है। चंडीगढ़ रोड चौकी पुलिस चोरी की घटना के बाद मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। दुकानदार का कहना है नशे के आदी युवक चोरी की वारदात कर रहे हैं।

### टोहाना में टकराई दो कारें, गाड़ी सवार सुरक्षित

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में नेशनल हाईवे 148बी पर एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां सदर थाने के पास वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था के दौरान दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। टोहाना सिटी थाना प्रभारी देवीलाल के अनुसार, एक कार टोहाना की और दूसरी बहादुरगढ़ की थी। यहां लोक निर्माण विभाग द्वारा पिछले करीबन 5 महीनों से नेशनल हाईवे 148बी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके कारण प्रशासन ने वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर रखी है। इस रोड से रोजाना हजारों वाहनों का आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि देर रात को हुए इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। यातायात सुचारू रखने के लिए क्षतिग्रस्त वाहनों को तुरंत सडक़ से हटा दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों वाहन ड्राइवरों के बयान


**सिरसा।** भागवत कथा से पूर्व गांव में शोभा यात्रा निकालती हुई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

# श्री मदभागवत कथा से पहले निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

श्री अखंड ज्योति हनुमान मंदिर ओढ़ां में आयोजित श्रीमदभागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार सुबह 10 बजे हनुमान मंदिर में पुजारी महेंद्र शर्मा व आकाश शर्मा ने मंत्रों उच्चारण के साथ यजमान रणवीर जांगू के हाथों पूजा अर्चना करने के बाद कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा हनुमान मंदिर से शुरू होकर नुहियांवाली रोड, खाटू श्याम मंदिर, ग्रीन मार्केट, गुरुद्वारा साहिब, बाबा रामदेव मंदिर से होती हुई नैशनल हाईवे के साथ-साथ हनुमान मंदिर वापिस पहुंची। इस यात्रा में हनुमंत सेवा समिति व सालासर भंडारा ट्रस्ट के सभी सदस्यों, धर्म प्रेमियों व महिलाओं ने बढ़ चढक़र भाग लिया। कलश यात्रा का गांववासियों ने फूलों से स्वागत किया। इसके बाद कथा व्यास साध्वी राधिका ने भागवत कथा शरू की। साध्वी राधिका ने श्री भागवत कथा में ब्रह्मा जी और उनके चार मानस पुत्रों सनक, सनंदन, सनातन और सनत कुमार के बारे व्याख्यान किया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्रा सहित चार लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से एक स्कूली छात्रा सहित चार लोगों के लापता होने का समाचार है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चन्द्रावल निवासी हनुमान ने कहा है कि उसका 25 वर्षीय भांजा प्रदीप कुमार पुत्र रामफल निवासी शिकारपुर जिला हिसार उसके पास रहता था। गत दिवस वह बिना बताए घर से कहीं चला गया है और वापस नहीं लौटा है। उन्होंने उसकी तलाश की कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को शिकायत दी। दूसरे मामले में भूना पुलिस ने कम्बोज मोहल्ला, भूना निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 21 वर्षीय लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। अन्य मामले में शहर फतेहाबाद ने मातूराम कालोनी निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर 11वीं में पढऩे वाली उसकी 19 साल की लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी लडक़ी पढऩे के लिए स्कूल गई थी और छुट्टी के बाद वापस घर नहीं लौटी है। अन्य मामले में सदर रतिया पुलिस ने गांव लाली के एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 23 वर्षीय लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

# भवन निर्माण श्रमिक संघ 14 को करेगा प्रदर्शन

**श्रम मंत्री का पुतला फूंकेंगे श्रमिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भवन निर्माण श्रमिक संघ द्वारा श्रमिकों की मांगों के लेकर 14 फरवरी को फतेहाबाद में रोष प्रदर्शन किया जाएगा। जिलेभर से श्रमिक इस दिन पटवार भवन के पास स्थित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में एकत्रित होंगे और वहां से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय जाएंगे। यह निर्णय रविवार को भवन निर्माण श्रमिक संघ संबंधित एटक जिला कमेटी की हुई बैठक में लिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान वजीर चंद ने की व संचालन जिला महासचिव धर्मवीर सिंह भट्टू ने किया। बैठक में विशेष तौर पर जिला व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह, राज्य महासचिव विनोद कुमार, राज्य सचिव सुनील मैडल मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान वजीर चंद ने कहा कि सरकार श्रमिकों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हुई और आज भी श्रमिकों को सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार से श्रमिकों की मांगों को लेकर कई बार बातचीत हुई लेकिन कोई समाधान न होने पर श्रमिक संघ ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर, ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर श्रमिकों द्वारा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 14 फरवरी को फतेहाबाद में सैंकड़ों श्रमिक दीन दयाल उपाध्याय पार्क में एकत्रित होंगे और वहां से लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन करेंगे। लघु सचिवालय पर श्रम मंत्री का पुतला भी फूंका जाएगा। इसके बाद उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के श्रम मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके तहसील कुलां प्रधान बलजीत सिंह, हनुमान जाखड़, जयनारायण खाबडा, सौरव फतेहाबाद, राजेराम भट्टू, पवन कुमार सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आर्य समाज मंदिर में हुआ मासिक सत्संग व यज्ञ

**सिरसा।** आर्यसमाज मंदिर सिरसा में प्रत्येक माह की भांति इस माह भी मासिक सत्संग एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोनीपत से आचार्य संदीप आर्य ने उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने इस अवसर पर संसार, आचार, व्यवहार, सुख-दुख, आत्मा, परमात्मा आदि विषयों को दार्शनिक रूप से विस्तृत चर्चा की। रविंद्र शास्त्री आर्य ने पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ क्रिया करवाई।

उपस्थित आर्यजनों ने यज्ञ में आहूति डाली। वहीं कार्यक्रम के अंत में संरक्षक जगदीश सिंवर शेखुपुरिया ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर लेखा निरीक्षक राजेंद्र चाडीवाल, मंत्री ओमप्रकाश खर्रा, रविंद्र आर्य शास्त्री, ओमप्रकाश भजनोपदेशक, चंद्रभान, श्योचंद्र बेनीवाल, रोहताश, ऋषि किशोर खर्रा, रामप्रताप सरपंच भादड़ा, सुनील, प्रेम देवी, कोयल देवी, हरदिश, राजकुमार, विकास आर्य, पूर्ण देवी, संतोष, सुष्मिता शाश्वत, गीतू देवी, रामकुमार, भूप सिंह गहलोत, सुरेंद्र पूनियां व कृष्णा यादव उपस्थित रहे।

# अध्यापकों की समस्याओं को लेकर 13 को शिक्षा अधिकारियों से मिलेगा संघ का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला कमेटी की मीटिंग रविवार को बिजली बोर्ड प्रांगण में जिला प्रधान राजपाल मिताथल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से 13 फरवरी को होने वाली मीटिंग में उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।


**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने कहा कि 16 फरवरी को कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र में दिए जाने वाले धरने में शिक्षक बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। बैठक में चर्चा करके ट्रांसफर ड्राइव के लिए सुझाव लिए गए। खंड भट्टूकलां प्रधान सतपाल सिंह ढाका व सचिव अजय सिंह बेनीवाल ने कौशल रोजगार निगम में लगे शिक्षकों की ट्रांसफर को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि एचआरएमएस के उलझे मामलों

# भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**फतेहाबाद।** भारतीय किसान संघ की कार्यकर्ताओं की बैठक जिला अध्यक्ष रोहतास पंघाल की अध्यक्षता संपन्न हुई। बैठक में विशेष तौर पर प्रदेश महामंत्री मास्टर रामवीर, महेंद्र बुडानिया व संजय जाखड़ ने भाग लिया। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जैविक खेती देशहित में है और किसानों को इसे बढ़ावा देना चाहिए। इसके अलावा बैठक में फसलों के एमएसपी से ऊपर उठकर लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य को लेकर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जिले में सेम की समस्या और एनओसी के नाम पर काडा में फैले भ्रष्टाचार सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिला जाएगा। बैठक में महेन्द्र बुडानिया ने किसान संघ की रीति-नीति के बारे में चर्चा की वहीं संजय जाखड़ ने एफएयू के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महिला प्रमुख रीना रानी, जिला मंत्री देवी लाल गोदारा, जिला उपाध्यक्ष सुधीर एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल जांगड़ा, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र



भादू, जिला जैविक प्रमुख धर्मवीर जाखड़, सह मंत्री जितेंद्र भोभरिया, जिला सह मंत्री चंद्रभान गढ़वाल, नागपुर खंड अध्यक्ष अजीत बेनीवाल, भुना खंड अध्यक्ष सूरजभान कासनिया, भट्टू खंड के अध्यक्ष जय किशन गोदारा, मीडिया प्रमुख भारत जांगड़ा, ग्रामीण अध्यक्ष जयवीर ढाका, जिला कार्यकारी सदस्य रोहतास गढ़वाल, छबील दास सैनी, मदन गढ़वाल, सतवीर चौहान, मुंशी राम गोदारा, कृष्ण थेडी, सूबेदार कश्मीर सिंह, राजन, साहिल नागपाल, पवन गोदारा, राजेश चिंदड़, हिमांशु आर्य, सुरेंद्र धामू, ओमप्रकाश धानिया, सतवीर निम्बीवाल, सुरेश निम्बीवाल, कृष्ण गोदारा, रमेश बोदीवाली, दिलीप चंद्रावल उपस्थित रहे।

### निकाय चुनावों को लेकर जेजेपी हुई सक्रिय

**सिरसा।** हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेशभर में निकाय चुनावों संबंधी घोषणा के साथ ही जननायक जनता पार्टी भी पूरी गंभीरता व संजीदगी के साथ इन चुनावों के लिए सक्रिय हो गई है। जेजेपी के पूर्व जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि नगरपरिषद सिरसा के चुनावों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक पार्टी के जिला कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता जेजेपी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा व पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा ने संयुक्त रूप से की। प्रवक्ता ज्याणी ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से इन चुनावों से संबंधित आवश्यक सुझाव भी मांगे। विमर्श के बाद निकाय चुनावों में चेयरमैन व पार्षद पद के इच्छुकों से अपना नाम व अन्य आवश्यक जानकारी देने पर सहमति दर्ज की गई। बैठक के दौरान ही सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इस बात पर अपनी सहमति बनी कि परिषद के चेयरमैन पद पर पार्टी का उम्मीवाद पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़े।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### भंडारे के साथ 17वें स्थापना महोत्सव का समापन

**सिरसा।** रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में श्री श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा मनाए जा रहे 17वें स्थापना महोत्सव का भजन संध्या व विशाल भंडारे के साथ रंगारंग समापन हो गया। मंदिर के प्रवक्ता दिपेश गोयल ने बताया कि मंदिर के पुजारियों रामशरण गौतम, उमेश गर्ग व विजेंद्र ने मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों के साथ पूजा अर्चना करवाई। एकादशी के मौके पर मंदिर प्रांगण में भजन संध्या आयोजित की गई, जिसमें डॉ. श्याम सुंदर गुप्ता व स. मनदीप सिंह ने बेगा पधारो गजानंद जी, श्याम धणी के कीर्तन में गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरूआत की। इसके बाद खलीलाबाद से पधारे हरमिंद्र सिंह रोमी ने तेरी कठपुतली मैं, तू ही नाच नचाता है, खोली है सांवरे ने खिडक़ी नसीब की, शुक्र सांवरे-तेरा शुक्र सांवरे, कैसी कठिन घड़ी, नाम तेरा हिम्मत देता सहित अनेक भजन गाकर श्रद्धालुओं को खूब रिझाया।

**राजकीय महिला महाविद्यालय में करियर परामर्श पर व्याख्यान**

# सकारात्मक बदलाव के प्रति छात्राओं को किया प्रेरित

- कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय करियर परामर्श पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ. रुपिंद्र कौर के संयोजन में कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके संचार कौशल को सुधारने और नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ावा देना था।



**सिरसा।** करियर परामर्श पर विस्तार व्याख्यान में उपस्थित छात्राएं।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साक्षी चौधरी थी जिन्होंने छात्राओं को अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास और सशक्त नेतृत्व के प्रति प्रेरित किया। साक्षी चौधरी ने छात्राओं को यह समझाया कि कैसे एक सशक्त और आत्मनिर्भर व्यक्ति अपनी सामाजिक और पेशेवर जिंदगी में सफलता प्राप्त कर सकता है? उन्होंने संचार कौशल के महत्व पर भी जोर देते हुए बताया कि यह कौशल किसी भी पेशेवर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान साक्षी चौधरी ने कई तरह के नेतृत्व कौशल पर चर्चा की और छात्राओं को अपनी क्षमता को पहचानने और उसे प्रकट करने के लिए प्रेरित किया। उनके विचारों ने सभी छात्राओं को उत्साहित किया और यह सुनिश्चित किया कि वे अपनी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं। मंच संचालन प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. रुपिंद्र कौर द्वारा किया गया जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में आत्मनिर्भरता और अच्छे संचार कौशल बेहद महत्वपूर्ण हैं। ये दोनों गुण न केवल पेशेवर जीवन में सफलता की कुंजी हैं बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। समापन पर डॉ. मनीषा गर्ग ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रुपिंद्र कौर,, डॉ. मनीषा गर्ग , प्रो. मीनू गर्ग, प्रो. सविता दहिया व प्रो. रितिका भी मौजूद थे।